an>

Title: Need to appoint Programme Officer for programmes running under Integrated Child Development Services Scheme in Ahmedabad and Surat in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) : दिन ब दिन ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरीकरण बढ़ रहा है। शहरी आई सी डी एस सेवा क्षेत्रों में वर्तमान में 2.58 प्रतिशत बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं, 18.8 प्रतिशित बच्चे मामूली कुपोषण के शिकार हैं और 82.6 प्रतिशत सामान्य वजन के हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 1.43 प्रतिशत बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं, 12.47 कुपोषण के शिकार हैं और 86 प्रतिशत मामूली सामान्य वजन के हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि शहरी क्षेत्रों में कुपोषण की व्यापकता अधिक है। इसको रोकने हेतु जरूरी है हर आई सी डी एस के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्यक्रम अधिकारी को पद पर स्वीकृत किया जाए। आई सी डी एस प्रोग्राम गाइड लाइन के अनुसार जहां पर भी 5 या पांच से अधिक आईसीडीएस परियोजनाएं हैं वहां पर कार्यक्रम अधिकारी का पद रखा गया है। इसे भारत सरकार द्वारा मान्यता भी मिल चुकी है।

अहमदाबाद और सूरत में 5 से अधिक परियोजनाएं चल रही हैं परंतु वहां पर कार्यक्रम अधिकारी की कोई पोस्ट नहीं है। इन दो जगहों के अलावा जामनगर, राजकोट, बड़ोदरा और भावनगर में भी कार्यक्रम अधिकारी की बहुत अधिक जरूरत है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि आईसीडीएस परियोजनाओं हेतु कार्यक्रम अधिकारी के पद स्वीकृति के लिए आदेश दिए जाएं।